# भाग्यशाली मोज़े


बर्नार्ड वाइसमैन



# भाग्यशाली मोज़े



बर्नार्ड वाइसमैन




# भाग्यशाली मोज़े

बर्नार्ड वाइसमैन





# भाग्यशाली मोज़े

दौड़ लगभग ख़त्म हो चुकी थी.

पैडी बार्न्स, तीसरे स्थान पर रहा.

उसका दोस्त चब स्मिथ चिल्लाया,

"दौड़ो दोस्त! और तेज़ दौड़ो!"



पैडी तेजी से भागा.

वह दौड़ा.

उसने बोबो कैंपबेल को पीछे छोड़ दिया और
फिर दूसरे स्थान पर आ गया.

होवी हेन्स पहले स्थान पर चल रहा था.

होवी ने अंत की रेखा तक दौड़ना शुरू किया.

पैडी भी बहुत तेजी से दौड़ा.

उसने होवी को भी पार किया और रेस जीत ली.



चब ऊपर आया

उसने पैडी की पीठ को प्यार से ठोका.

"बहुत खूब!" चब चिल्लाया.

"तुम फिर से जीत गए!


तुम एक महान धावक हो."

तेज़ दौड़ने से पैडी की सांस फूल रही थी.

वो अपने दोस्त से बात नहीं कर पाया.

लेकिन वो मुस्कुराया

और उसने अपने मोज़ों की ओर इशारा किया.





चब हँसा.

फिर उसने पूछा,

"क्या तुम सच में सोचते हो कि

तुम अपने मोज़ों के कारण ही जीते?"

पैडी फिर दुबारा से सांस लेने लगा.

अब वो बात कर सकता था.

उसने कहा, "मुझे यकीन है!


क्योंकि मैंने ये मोज़े पहने थे


इसीलिये मैंने जीत हासिल की.

मुझे लगता है ये मोज़े

मेरे लिए बड़े भाग्यशाली हैं!"

"ओह," चब ने कहा, "यह मूर्खतापूर्ण बात है.
तुम इसलिए जीते क्योंकि
तुम एक अच्छे धावक हो."
पैडी ने कहा, "ठीक है, वो हो सकता है.
लेकिन मैं कोई भी जोखिम नहीं उठाऊंगा!
मैं हमेशा अपने भाग्यशाली मोज़े
ही पहनकर रेस में दौडूंगा!"





जल्द ही कोच आए
और उन्होंने लड़कों से कहा.
"वो एक बढ़िया रेस थी
पैडी, तुमने तेज दौड़ लगाई," कोच ने कहा.
"तुम्हारा प्रदर्शन अब बेहतर होता जा रहा है.
मैं चाहता हूं कि तुम आधा-मील वाली रेस में भी भाग लो.
वो अगले महीने बड़े मैदान में होगी."



"अरे वाह!" चब चिल्लाया.

"वो प्रतिस्पर्धा तो

राज्य चैंपियनशिप वाली है!

उसमें राज्य के सबसे श्रेष्ठ धावक होंगे."

"हाँ," कोच ने कहा.

"लेकिन मुझे लगता है उसमें भी

पैडी के जीतने की उम्मीद है.

वह एक अच्छा धावक है.

वह जीतना चाहता है,

और वो उसके लिए कड़ी मेहनत करता है."

पैडी ने चब से फुसफुसाकर कहा,

"देखो, मेरे पास मेरे भाग्यशाली मोज़े हैं!"

"पैडी," कोच ने कहा,

"मैं चाहता हूं कि तुम अगली रेस,

दौड़ने वाले जूतें पहन कर दौड़ो."


"दौड़ने वाले जूते!" चब चिल्लाया.

"हाँ, असली दौड़ने वाले जूते!"

कोच, पैडी के लिए एक जोड़ी

दौड़ने वाले जूतें लेने गया.






"मेरे पास नए मोज़े हैं, कोच," पैडी ने कहा.
"असल में मेरे पास कई जोड़ी मोज़े हैं.
लेकिन ये मेरे भाग्यशाली मोज़े हैं!
ये मोज़े मुझे जीतने में मदद करते हैं."
वो सुनकर कोच हँसने लगा.
फिर कोच ने कहा, "देखो, तुम रेस इसलिए
जीतते हो क्योंकि तुम एक अच्छे धावक हो.
मुझे नहीं लगता कि जीतने में मोज़ों ने
तुम्हारी कुछ मदद की होगी."

"उन्हें पहनकर देखो," कोच ने कहा.
"पहन कर देखो, क्या वे तुम्हें फिट आते हैं?"
पैडी ने अपने जूते उतार दिए.
"पैडी!" कोच चिल्लाया.
"तुम्हारे मोज़े तो छेदों से भरे हुए हैं!
तुम्हारे पैर की उंगलियां फटे मोज़ों से बाहर निकल रही हैं!
क्या तुम्हारे पास अन्य मोज़े नहीं हैं?"





अगले दिन दौड़ने के अभ्यास में,

पैडी ने अपने नए दौड़ने वाले जूते आज़माए.

कोच ने पूछा,

"अच्छा, तुम्हें नए जूते कैसे लगे?"

"उन्हें पहनकर मुझे बहुत अच्छा लग रहा है!"
पैडी ने कहा.

"और उन्हें पहनकर मैं और तेज़ दौड़ सकता हूँ."






चब चिल्लाया, "वाह, दोस्त!
अब मुझे लगता है तुम
बड़े ट्रैक वाली रेस भी जीतोगे!"
पैडी ने कहा, "हो सकता है,
अगर मेरे भाग्यशाली मोज़ों
ने मेरा साथ दिया."
कोच ने कहा, "पैडी, तुम्हें बस इतना करना होगा
तुम्हे कठिन अभ्यास करना होगा.
तुम उन मोज़ों के बारे में बिल्कुल चिंता मत करो."

पैडी ने कड़ा अभ्यास किया.
उसने अपने पैर की मांसपेशियों को स्ट्रेच करने के लिए व्यायाम किया.







अपने फेफड़ों को मजबूत बनाने के लिए उसने लंबी दूरी तक दौड़ लगाई.



उसने अपनी गति बढ़ाने के लिए छोटी दौड़ लगाई.



इस अभ्यास से पैडी को, आधा-मील वाली रेस तेज़ी से दौड़ने में मदद मिली.


हर बार जब वो दौड़ा,

तो वो पहले से अधिक तेज दौड़ा.

कोच ने पैडी से कहा,

"तुमने कठिन अभ्यास किया है.

मुझे लगता है कि तुम आधे-मील वाली रेस की राज्य चैंपियनशिप जीतोगे."



दौड़ से एक दिन पहले, चब ने पैडी से पूछा,

"तुम्हें कैसा लग रहा है?

क्या तुम दौड़ के लिए तैयार हो?"

"हाँ मैं रेस के लिए तैयार हूँ!" पैडी ने कहा.

“मैं उस दिन बस अपने भाग्यशाली मोज़े पहनूंगा.

फिर मैं दौड़ूंगा, और रेस जीतूंगा!"



दौड़ का दिन आ गया.

वह शनिवार था और पैडी काफी जल्दी उठ गया था.

उसने नाश्ता ख़त्म ही किया था

कि बाहर से हार्न की आवाज़ आई.

"मुझे जाना होगा," पैडी ने कहा.

"कोच मुझे लेने आए हैं.

वो मुझे ट्रैक पर ले जाएंगे ताकि मैं अभ्यास कर सकूं."



राज्य चैंपियनशिप एक बड़े स्टेडियम के ट्रैक पर आयोजित की गई थी.

पैडी को यह देखकर आश्चर्य हुआ कि वहां पहले से ही कितने सारे लोग मौजूद थे.




पैडी की माँ ने कहा,

"यह रहा वो बैग जिसमें तुम्हारी दौड़ने वाली चीज़ें हैं."

"शुभकामनाएँ!" पैडी के पिता ने कहा,

"मैं अपनी शेविंग ख़त्म कर चुका हूं.

हम जल्द ही पहुंचेंगे.

हम तुम्हें दौड़ते हुए देखने के लिए वहां मौजूद होंगे.
शुभकामनाएँ, बेटे!"




लॉकर रूम, कपड़े बदलने वाले धावकों से भरा हुआ था. पैडी को एक खाली लॉकर मिला, और वो अपने कपड़े बदलने लगा.

जब उसने अपने दौड़ने वाले सामान का बैग खोला तो उसके भाग्यशाली मोज़े उसमें नहीं थे.

उनकी बजाए, उसे एक नोट मिला.





पैडी, पब्लिक टेलीफोन की ओर दौड़ा.

"ओहह--" वो फुसफुसाया.

"मुझे आशा है कि मेरे माता-पिता अभी भी घर पर ही हैं!"

उसके पिता ने फोन का जवाब दिया.

"पापा! पापा!" पैडी चिल्लाया.

"माँ ने मेरे बैग में नए मोज़े डाल दिए हैं.

उन्होंने मेरे भाग्यशाली मोज़े निकाल दिए हैं!"

"ठीक है," उसके पिता ने कहा.

पैडी ने समझाया और कहा,

"कृपया, पिताजी, माँ से मेरे भाग्यशाली मोज़े भेजने को कहें.

उनके बिना मैं रेस जीत नहीं पाऊंगा."

अन्य धावकों ने अपने कपड़े बदले

और वे लॉकर रूम से बाहर चले गए.

फिर पैडी लॉकर रूम में अकेला रह गया.

उसने वहीं पर कुछ कसरत की.






तभी चब अंदर भागकर आया.

उसने पैडी की ओर एक पेपर बैग बढ़ाया.

"यह लो," चब ने कहा.

"तुम्हारी माँ ने मुझे तुम्हें यह देने को कहा है."

पैडी चिल्लाया, "हुर्रे!

चलो, अब मेरे पास मेरे भाग्यशाली मोज़े हैं!

मैं तुरंत बाहर आऊंगा, कोच."

कोच अंदर दौड़कर आया.

"पैडी!" वो चिल्लाया.

"तुम यहाँ पर क्या कर रहे हो?

तुमने अपने दौड़ने वाले जूते क्यों नहीं पहने हैं?

देखो, जल्द ही तुम्हारी रेस शुरू होगी!"



फिर पैडी भी, अन्य धावकों

के साथ एक लाइन में खड़ा हो गया.

रेफरी चिल्लाया,

"तैयार रहो!"

सभी धावकों ने वही किया

जो आधा-मील दौड़ वाले खिलाड़ी करते हैं.

उन्होंने अपना एक पैर पीछे रखा.


फिर वे थोड़ा आगे की ओर झुके.

रेफरी चिल्लाया,


"तैयार हो जाओ!"

और फिर धावक

कुछ और आगे झुके.







तभी रेफरी चिल्लाया,

"भागो!" और फिर उसने

अपनी पिस्तौल से गोली चलाई.


आधे-मील वाली दौड़ शुरू हुई.

धावकों को ट्रैक के दो चक्कर लगाने थे.

पहले मोड़ पर पैडी काफी पीछे था.

अधिकांश धावक उससे आगे थे.

बाकी धावकों ने बहुत तेज शुरुआत की थी.



लेकिन थोड़े समय के बाद कुछ धावक थकने लगे थे.

लेकिन पैडी बिल्कुल नहीं थका था. उसने कड़ी प्रैक्टिस की थी.

वो अपने आगे वाले धावकों को पछाड़ने लगा.

फिर वो चौथे स्थान वाले धावक से आगे निकल गया,

उसके बाद तीसरे स्थान वाले धावक से भी.





अब पैडी से केवल दो धावक ही आगे थे.

लेकिन वे बहुत आगे थे,
और दौड़ लगभग ख़त्म होने वाली थी.

चब हौंसला बढ़ाने के लिए चिल्लाया, "दौड़ो दोस्त!"





पैडी के पिता चिल्लाए,

"दौड़ो बेटे!"

पैडी की माँ चिल्लाई,

"जीतना, पैडी!

जीतना! जीतना! जीतना!"



पैडी ने तेज़ी से दौड़ना शुरू कर दिया.

फिर वो दूसरे स्थान वाले धावक से भी आगे निकल गया.

अब केवल एक धावक ही उससे आगे था.

पैडी ने उसे भी पकड़ लिया.

वे दोनों, कंधे से कंधा मिलाकर समापन रेखा की ओर तेजी से बढ़े.

ख़त्म होने से ठीक पहले दूसरा लड़का कुछ धीमा हो गया.

पैडी दौड़ता रहा और वो दौड़ जीत गया!



चब ने पैडी की पीठ थपथपाई.

"बहुत खूब!" चब चिल्लाया.

"क्या बढ़िया दौड़ थी!"

पैडी की मां ने उसे गले लगाया.

उसके पिता ने पैडी से हाथ मिलाया.






तभी कोच आए. कोच ने पैडी से हाथ मिलाया.

"तुमने शानदार रेस दौड़ी!" कोच ने कहा.

"तुम अब आधे-मील वाली रेस के नए राज्य चैंपियन हो."

पैडी ने कहा,

"मुझे खुशी है कि मैंने

अपने भाग्यशाली मोज़े पहने थे."

फिर पैडी ने नीचे अपने पैरों की ओर देखा.



पैडी की माँ ने कहा,

"देखो, तुम्हारे पिताजी ने मुझे बताया

की तुम अपने पुराने मोज़े चाहते थे.

तुम्हारे पास बहुत सारे पुराने मोज़े थे.

मैंने उन्हीं में से एक जोड़ी मोज़े भेज दिए."

यह सुनकर कोच हँसे.

"अरे नहीं!" पैडी चिल्लाया.

"मेरे भाग्यशाली मोज़ों पर तो एक लाल पट्टी थी!

और इन पर एक काली पट्टी है!

मैंने मोज़ों को इतनी तेज़ी से पहना.

मैंने उन्हें अच्छी तरह देखा तक नहीं."



फिर उन्होंने कहा, "पैडी, सुनो
रेस जीतने के लिए कभी किसी को
भाग्यशाली मोज़ों की आवश्यकता नहीं पड़ती है.
लोग रेस इसलिए जीतते हैं क्योंकि
वे उसके लिए कठिन अभ्यास करते हैं,
और वे रेस जीतना चाहते हैं,
क्योंकि वे एक चैंपियन हैं!"






फिर पैडी को एक बड़ा चाँदी का कप मिला.
और उसके पिता ने कहा, "सब लोग सुनो,



मैंने गली में पास में ही

एक पिज़्ज़ा स्टोर देखा है.

क्या आप सब लोग

पिज़्ज़ा खाना पसंद करेंगे?"

चब चिल्लाया, "ज़रूर!

मुझे पिज्जा बहुत पसंद है!

पैडी, जल्दी करो और अपने कपड़े बदलो.

मैं तुम्हारे साथ पिज़्ज़ा स्टोर तक रेस लगाऊंगा!"

और फिर सभी लोग हंस पड़े.